# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA (HQ) MMGSY-AWSESH-399/25-1816 /पटना, दिनांक– 01/8/25

प्रेषक,

मो० सुल्तान अहमद,
अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

मुख्य अभियंता–3 (भागलपुर),
ग्रामीण कार्य विभाग।

**विषयः–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत विभागीय निविदा समूह की स्वीकृति के संबंध में।**

प्रसंगः–दिनांक 23.07.2025 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में संपन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में दिनांक–23.07.2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही की छायाप्रति नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु संलग्न कर भेजी जा रही है।

निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में अंकित निविदा का कार्य आवंटन आदेश निर्गत कर एक प्रति ज्ञापन लगाकर नोडल पदाधिकारी, MMGSY को e-mail के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

निर्धारित समय सीमा में निर्दिष्ट कार्य का पूरा किया जाना अनिवार्य है।

**अनु०**–निविदा समिति की कार्यवाही की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

Sd/- 30/7/25

(मो० सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–BRRDA (HQ) MMGSY-AWSESH-399/25 1816 पटना, दिनांक–01/8/25

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झाझा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभाग/नोडल पदाधिकारी, E-advertisement-cum-e-tendering Cell, ग्रामीण कार्य विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**अनु०**–निविदा समिति की कार्यवाही की छायाप्रति।

Sd/- 30/7/25

अभियंता प्रमुख

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

दिनांक –23/07/2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:–

समिति हेतु नामित पदाधिकारी :–

श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
मो० सुल्तान अहमद, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
श्री चन्द्रशेखर आजाद, मुख्य अभियंता–3 (भागलपुर), ग्रामीण कार्य विभाग
श्री आमीर नैय्यर, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग

2. बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत e-tendering के माध्यम से प्राप्त की गयी निम्नवत् तालिका के क्रमांक–01 से 03 में अंकित निविदा के तकनीकी बीड पर सक्षम प्राधिकार की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड में योग्य घोषित किये गये निविदाकारों के वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी के आलोक में न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले निविदाकार के वित्तीय बीड के प्रस्ताव पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसकी विवरणी निम्नवत् तालिका "Summary of Financial Bids" के अनुरूप है।

उपर्युक्त के संदर्भ में इस समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत तालिका में वर्णित न्यूनतम दर के निविदाकार (L1) के स्तम्भ "12" में निवेदित राशि पर स्तम्भ "13" के अनुसार निम्नवत निर्णय लिया गया :–

**Summary of Financial Bid**

| Sl. No. | Division | File No.-BRRDA (HQ) MMGSY-SC/ST- | NIT No./Date of Receipt | PR No. & Date of Publication | Package No./Tender ID | A.A Amount (In lacs) | Bid Amt. (In Rs.) | Total No of Bidder/No of Bidders Qualified in Tech. Bid | Name of Bidder for Financal Proposal (Bid ID) | Quoted Rate (%) | Tender Awarded Amount (in Rs.) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Jhajha | 244/25 | RWD/MMGSY (AWSESH-SC)/ HQ/ ET/ 2025-26/02<br>28.05.2025 | 02643 (RWD) 2025-26 on 06.05.2025 | MMGSY(AWSESH-SC)-Jhajha-91 (Tender ID-2025_RWD_141063_1) | 1122.950 | 73876811.41 | 4/3 | Manisha Construction (616458) | -0.55 | 73470488.95 (Seven Crore Thirty Four Lakh Seventy Thousand Four Hundred and Eighty Eight) | Approved as per lowest quoted rate i.e. L1 |
| | | | | | | | | | Jai Maa Ambe Infra Private Limited (618065) | 0.00 | | |
| | | | | | | | | | M/S Jyoti Enterprises (618218) | 3.00 | | |
| 2 | Jhajha | 246/25 | RWD/MMGSY (AWSESH-SC)/ HQ/ ET/ 2025-26/02<br>28.05.2025 | 02643 (RWD) 2025-26 on 06.05.2025 | MMGSY(AWSESH-SC)-Jhajha-94 (Tender ID-2025_RWD_141066_1) | 727.180 | 48942666.63 | 3/2 | Surendra Kumar Yadav (617538) | -2.25 | 47841456.63 (Four Crore Seventy Eight Lakh Fourty One Thousand Four Hundred and Fifty Six) | Approved as per lowest quoted rate i.e. L1 |
| | | | | | | | | | Sai Shiv Construction Pvt. Ltd (616942) | -1.51 | | |
| 3 | Jhajha | 247/25 | RWD/MMGSY (AWSESH-SC)/ HQ/ ET/ 2025-26/02<br>28.05.2025 | 02643 (RWD) 2025-26 on 06.05.2025 | MMGSY(AWSESH-SC)-Jhajha-95 (Tender ID-2025_RWD_141067_1) | 1055.720 | 77657163.71 | 3/2 | Mahendra Kumar Yadav (617408) | -0.25 | 77463020.80 (Seven Crore Seventy Four Lakh Sixty Three Thousand Twenty) | Approved as per lowest quoted rate i.e. L1 |
| | | | | | | | | | Satish Kumar (617360) | -0.18 | | |

(148)

3. स्वीकृत निविदा समूहों के कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता, NIT एवं CMBD के निम्न तथ्यों से संतुष्ट हो लेंगे :–
   (i) इस योजना पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है।
   (ii) वांछित अग्रधन की राशि CMBD के अनुरूप है।
   (iii) पैकेज संख्या, पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धत दर, परक्रमित दर, Bid Capacity आदि सही है।
   (iv) संवेदक Defaulter/ निलंबित/काली सूची/कार्यों को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में सम्मिलित नहीं है।
   (v) कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व चरित्र प्रमाण पत्र के संबंध में निर्गत विभागीय पत्रांक–14/अ०प्र०–03–21/2021–4192 अनु०, दिनांक–29.07.2024 के दिशा–निर्देशों का अनिवार्य रूप से अक्षरशः अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
   (vi) CMBD (ITB) की सुसंगत कंडिका 4.4B(b)(i) & 4.4B(b)(ii) के अनुसार संवेदक से प्राप्त शपथ पत्र के अनुरूप उक्त निर्माण कार्य हेतु Key Equipment /Machinary & Lab Equipment तथा Key Personnel की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेंगे।
4. एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निर्धारित CMBD के अनुरूप संबंधित निविदा के साथ संवेदक द्वारा संलग्न किये गये अभिलेख एवं इसकी मूल प्रति से सत्यापित कर संतुष्ट हो लेंगे। यदि निविदा निष्पादन की प्रक्रिया अथवा किसी भी स्तर पर किसी निविदाकार का कोई कागजात गलत पाया जाता है तो उनपर CMBD एवं बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की अनुशंसा अविलम्ब करना सुनिश्चित करेंगे।
5. संबंधित अधीक्षण अभियंता एकरारनामा की सभी कंडिकाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु साप्ताहिक अन्तराल पर कार्यों का भौतिक पर्यवेक्षण करेंगे।
6. संबंधित अधीक्षण अभियंता पर्यवेक्षण के उपरांत साप्ताहिक अन्तराल पर उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में प्रतिवेदन अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी विचलन की स्थिति में एकरारनामा की शर्तों के आलोक में तत्काल कार्रवाई की विवरणी भी प्रतिवेदन में देंगे।
7. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA कार्यों की समीक्षा मासिक अन्तराल पर करेंगे, जिसमें संबंधित अधीक्षण अभियंता समेकित प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होंगे।
8. निविदा निष्पादन के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर मुख्यालय को तुरंत सूचित किया जाए।
9. कार्य आवंटन आदेश में संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता, E-mail ID एवं दूरभाष संख्या अवश्य अंकित किया जाए।
10. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे कि CMBD के ITB की कंडिका–17.2(c) के आलोक में Earnest Money एवं ITB की कंडिका–34.1 के आलोक में Performance Security के रूप में समर्पित Bank Guarantee बिहार में अवस्थित राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंकों द्वारा ही निर्गत हो तथा विहित अवधि के लिए मान्य हो साथ ही संबंधित शाखा से सत्यापित किया गया हो।

11. अनुमोदित परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धृत दर वाले निविदाकार के लिए Additional Performance Guarantee का प्रावधान पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–447(एस), दिनांक–16.01.2020 एवं विभागीय पत्रांक–292 (अनु०), दिनांक–17.01.2020 के आलोक में एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता अनिवार्यतः जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

12. संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग सफल निविदाकार को 24 घन्टे के अन्दर Letter of Acceptance (LOA) निर्गत करते हुए इसकी प्रति संबंधित अधीक्षण अभियंता, संबंधित मुख्य अभियंता, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA एवं अभियंता प्रमुख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

23/07/25
(आमीर नैय्यर)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

23/07/25
(चन्द्रशेखर आजाद)
मुख्य अभियंता–3 (भागलपुर),
ग्रामीण कार्य विभाग।

23/7/25
(मो० सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।